## खबर संक्षेप

### श्रीमती कविता कैथवास को जिला अभियोजन अधिकारी का मिला प्रभार

**शहडोल।** सहायक मीडिया प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि श्रीमती कविता कैथवास को जिला अभियोजन अधिकारी का प्रभार संचालक अभियोजन संचालनालय भोपाल के द्वारा आदेश 01 जुलाई के माध्यम से दिया गया है। उक्त आदेश के पालन में श्रीमती कविता कैथवास द्वारा पदभार ग्रहण कर लिया गया है। पदभार ग्रहण करने पर उन्हें अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी राजकुमार रावत एवं सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी शैलेन्द्र परस्ते, राकेश कुमार पाण्डेय एवं नवीन कुमार वर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया तथा जिले के अन्य अभियोजन अधिकारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनायें दी गई। श्रीमती कविता कैथवास को, विश्वजीत पटैल जिला लोक अभियोजन अधिकारी शहडोल के दिनांक 30 जून को जिला अभियोजन अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त होने से जिला अभियोजन अधिकारी का प्रभार दिया गया है।

### तकनीकी सहायक को कमिश्नर ने किया निलंबित

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद द्वारा मध्यप्रदेश सिविल (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अन्तर्गत डॉ. के. के. शर्मा, तकनीकी सहायक, (व्ही.ए.एस.) कार्यालय उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला शहडोल को तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया गया। आदेश में कहा गया है कि उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला शहडोल के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मुख्यालय भोपाल द्वारा डॉ. के.के. शर्मा, तकनीकी सहायक, (व्ही.ए.एस.) को ग्रीष्म ऋतु सर्वेक्षण कार्य का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था, कार्य की प्रगति संतोषजनक न होंने से असंतोष व्यक्त किये जानें से अधीनस्थों के व्दारा किये गये कार्य की प्रगति की जानकारी चाहे जानें पर प्रस्तुत न करनें, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग शहडोल के मुख्यालय से बाहर/अवकाश पर रहनें की स्थिति में कार्यालयीन चालू कार्य, वरिष्ठ कार्यालय की बैठक में उपस्थित रहनें के निर्देश दिये गये थे, जिसका पालन नहीं किया गया। कलेक्टर जिला शहडोल द्वारा ए.पी.सी. बैठक की तैयारी से संबंधित आयोजित समीक्षा बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति रहने, संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल द्वारा ए.पी.सी. की बैठक पश्चात रात्रि 7.00 बजे से समस्त व्ही.ए.एस. एवं व्ही.ई.ओ. की समीक्षा बैठक लिये जानें की जानकारी के बावजूद समय पर उपस्थित न होनें आदि जैसे कृत्य किये जानें के कारण उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला शहडोल के व्दारा जारी कारण बताओ सूचना का जवाब प्रस्तुत न करनें तथा अपनें पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतते हुए मनमाने रूप से कार्यालय में नशे की हालत में उपस्थित होंने, स्वेच्छाचारिता पूर्ण कृत्य करते हुए वरिष्ठ कार्यालय,अधिकारियों के व्दारा दिये गये आदेश, निर्देशों का पालन न करनें का कृत्य किया गया है, जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होने से दण्डनीय है। साथ ही निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### सीईओ ने सचिव ग्राम पंचायत नरवार-25 को किया निलंबित

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने श्रीमती अंकिता सिंह, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत नरवार-25, जनपद पंचायत करकेली को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए म.प्र. पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील नियम 1999 के नियम 4 में प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत करकेली नियत किया गया है। इन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### पौध रोपणी के नाम पर करोड़ों रुपए की होली खेल रहे

# अभियान पर अभियान चल रहे फिर भी पौधों का पड़ा सूखा

**शहडोल।** संभाग में 40 लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य लेकर आया नमामि गंगे अभियान अभी पूरा भी नहीं हुआ कि जिला स्तर पर आ गया एक पौधा मां के नाम इसमें भी हर विभाग को लक्ष्य दे दिया गया है। ग्राम पंचायतों में प्रति वर्ष पौध रोपणी का लक्ष्य रहता ही है। संभाग से लेकर ग्रामपंचायतों तक पौध रोपणी की अभियान चल रहा है। लेकिन इसके बाद भी हालात संतोषजनक नजर नहीं आते हैं। शासन द्वारा हरियाली संवर्धन और पर्यावरण संतुलन के नाम पर करोड़ों रुपए उड़ेले गए हैं लेकिन इसकी उपलब्धि क्या होगी यह शंकास्पद ही है। न तो कार्यक्रम की मॉनीटरिंग होती और न कभी मौके पर भौतिक सत्यापन होता है। अब तो वीडियोग्राफी अपलोड करने का शार्टकट रास्ता निकाला गया है। प्रति वर्ष पौधों के नाम पर शासन करोड़ों रुपए का धन देता है और संबंधित अधिकारी 100-50 पौधे लगवाकर अपना कोरम पूरा कर लेते हैं और फिर सरकारी धन का दुरुपयोग होता है।



### एक ही जगह की वीडियोग्राफी

शासन की प्रक्रिया अब अफसरों के लिए सुविधाभोगी बना दी गई है। आपको फील्ड पर जाने और सत्यापन करने की जहमत उठाने की जरूरत नहीं है। मौके पर जब रोपणी हो तो उसकी वीडियो रिकार्डिंग और फोटोग्राफ्स मंगाकर चेक कर लीजिए। इससे होता यह है कि फील्ड मे होने वाली रोपणी एक ही जगह में घुमाफिरा कर बार बार दिखा दी जाती है। एक पौध रोपणी अलग अलग एंगेल से ली जाकर उसे पोस्ट कर दिया जाता है। ज्ञातव्य है कि यही खेल शौचालयों के निर्माण में भी हुआ था। सचिव व इंजीनियरों ने हितग्राही बदल बदल कर निर्मित शौचालयों की बार बार तस्वीर उतारी। जब धनीराम का शौचालय बन गया तो उस शौचालय के सामने पहले उसे खड़े करके फोटो खींचा फिर उसी शौचालय का एंगेल बदल कर उसी जगह बृजवासी को खड़ाकर फोटो खींच कर भेज दिया। आगे फिर अधिकारियों ने गहराई से फोटो चेक करने की जहमत नहीं उठाई। ज्ञातव्य है कि शासन के इस प्रावधान से सबको आनंद मिल रहा है।

### कहां कितने पौधे लगे, पता नहीं

कमिश्नर के नमामि गंगे में अभी तक कितने पौधे कहां कहा लगे इसकी कोई जानकारी नहीं मिल रही है। क्योंकि प्रशासन की ओर से न तो सूचना दी जा रही है और न अन्य माध्यमों से कहीं पता चल रहा है। जबकि नियमतः जनसंपर्क कार्यालय से इसकी विधिवत सूचना प्राप्त होनी चाहिए। जानकार बताते हैं कि अभियान की शुरुआत के लिए कमिश्नर ने स्वयं पौधा रोपा था। इसके लिए संभाग भर में आदेश दिए गए थे। लेकिन कहां कितने पौधे रोपे गए, आयुक्त ने फिर किसी विभाग से पूछताछ नहीं की। आयुक्त ने मौका मुआयना भी नहीं किया कि पौधे कहां रोपे गए। विभागों ने मनमानी तौर पर कार्यपूर्ण कर लिया। आंकड़े भर कर भेज दिए गए। हैरानी की बात तो यह है कि कुछ विभाग तो ऐसे हैं जिनके पास जगह नहीं है फिर भी उन्होने लक्ष्य पूर्ण कर लिया है।

### सख्ती की थी उम्मीद

चूंकि नमामि गंगे अभियान कमिश्नर के मार्गदर्शन में चल रहा था इसलिए आशा थी कि यह प्रावधान के अनुरूप अनुशासित ढंग से चलेगा और इसका अनुकूल परिणाम देखने को मिलेगा। संभाग में एक हद तक पौधों की हरियाली दिखाई पड़ेगी लेकिन यह अभियान भी अन्य अभियानों की तरह ढाक के तीन पात ही साबित हुआ। हो सकता है कि कुछ ही दिनों में यह सूचना सार्वजनिक कर दी जाए कि 40 लाख पौधों का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। कमिश्नर का अभियान भी निराश कर गया।

### हाइवे के किनारे क्यों नहीं वृक्षारोपण?

जब शासन-प्रशासन पौध रोपणी को इतना महत्व दे रहा है तो फिर इस बात का जायजा क्यों नहीं लिया जा रहा है कि नेशनल हाइवे के किनारे जंगल तो साफ कर दिया गया लेकिन सडक़ निर्माता कंपनी ने भूलकर भी एक पौधा नहीं रोपा और शर्तो का उल्लंघन किया है। इस पर भी कड़ाई बरती जानी चाहिए थी, प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि इन सब मामलों में कोई रुचि नहीं रखते। वे तो केवल अपने लक्ष्य तक ही सीमित रहते हैं। शासन ने लक्ष्य दिया और अफसरों ने उन्हे विभागों की ओर बढ़ाकर निर्देश जारी कर दिए और ड्यूटी पूरी हो गई। निर्माण कंपनियां कभी भी पौध रोपणी नहीं कराती हैं। संभाग मुख्यालय में ही अल्ट्राटैक कोल उत्खनन कंपनी कोयला तो निकाल रही है लेकिन आज तक उसने शर्त के अनुरूप एक पौधा भी नहीं रोपा है।

## दुष्कर्म के आरोपित को 44 वर्ष का सश्रम कारावास

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म के एक मामले मे अदालत ने आरोपित को 44 साल के सश्रम करावास और 4 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण के संबंध मे जानकारी देते हुए अभियोजन पक्ष के मीडिया प्रभारी नीरज पाण्डे ने बताया कि 13 फरवरी 21 को पीड़िता अपने घर से अचानक गायब हो गई। कई जगह खोजबीन के बावजूद बच्ची का कहीं पता नहीं चलने पर 22 फरवरी 2021 को परिजनों ने थाना नौरोजाबाद मे इसकी सूचना दी। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की गई। पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक की गई कार्रवाई के कारण जल्दी ही बच्ची को दस्तयाब कर लिया गया।

### शादी का दिया झांसा

अपने बयान मे पीड़िता ने बताया, बृजेश कुमार सोनी शादी का झांसा देकर उसे घर से डिण्डौरी ले गया और मारपीट कर कई बार शारीरिक संबंध बनाये। इस मामले मे आरोपित के विरूद्ध धारा 366, 294, 323, 506 (2), 344, 376, 376 (2) (एन), 5 (एल), धारा 6, 3 (2) (अ) एससी, एसटी एक्ट तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट का अपराध दर्ज किया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। साथ ही विचरण के दौरान डीएनए रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

### पाया गया दोषसिद्ध

प्रकरण के सूक्ष्म परिशीलन के उपरांत दोष सिद्ध पाये जाने पर विशेष न्यायाधीश ने अभियुक्त बृजेश उर्फ बिज्जू सोनी को धारा 363 मे 7 वर्ष, 366 मे 7 वर्ष, 323 मे 1 वर्ष, 506 (2) मे 2 वर्ष, 376 (1) मे 10 वर्ष, धारा 3 व सहपठित धारा 4 पॉक्सो एक्ट मे 10 वर्ष, 3 (2) (अ), एससीएसटी एक्ट मे 7 वर्ष सहित कुल 44 वर्ष का सश्रम कारावास एवं चार हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अर्थदण्ड जमा नहीं करने पर 1-1 साल अतिरिक्त सश्रम करावास भुगतना होगा। अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक बीके वर्मा द्वारा किया गया।



## कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने कलेक्टर को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधि विष्णुकांत सिह सहित अन्य निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



## दलित युवक को दबंग ने बेरहमी से पीटा

### वीडियो वॉयरल, मामला दर्ज कर पुलिस कर रही जांच

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र के बोडरी में गाली-गलौज करने का वीडियो बनाने पर एक दलित युवक की पिटाई कर दी गई। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। दरअसल दबंग दलित युवक को देखकर अक्सर गाली-गलौज करता था, उसके गाली- गलौज से परेशान दलित ने दबंग का वीडियो बनाने लगा, जो उसे नागवारा गुजरा। इसके बाद दबंग ने युवक को खेत में पटकर बेरहमी से लात-घूसों से उसके साथ मारपीट की। मारपीट का शिकार हुआ युवक और उसका साथी दबंग से रहम की भीख मांगते रहे, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। युवक के साथ दबंग के मारपीट का वहां मौजूद शख्स ने विडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद सिहंपुर पुलिस मारपीट करने वाले दबंग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोडऱी निवासी 28 वर्षीय रवि कोरी के साथ गांव के हीं रहने वाले दबंग करुणेश पांडेय बेवजह उसको देखकर अक्सर गाली-गलौच करने लगता था। बीते दिन भी दबंग दलित को देखकर गाली-गलौच करने लगा, उसके गाली-गलौच से परेशान दलित उसका वीडियो बनाने लगा, जो दबंग को नागवारा गुजरा और फिर उसके साथ जमकर मारपीट की गई।

**इनका कहना है...**

करुणेश पांडेय नामक व्यक्ति द्वारा मारपीट करने का एक मामला आया था। जिस पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। करुणेश द्वारा रवि को देखकर अक्सर गाली गलौज करता था ,जिसका वह वीडियो बनाने लगा, इसी बात पर उसके साथ मारपीट की गई है।

**आर.पी.रावत**
थाना प्रभारी, सिंहपुर

## उल्लास नवभारत साक्षरता के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**शहडोल।** जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी ने जानकारी दी है कि उल्लास नवभारत साक्षरता के तहत डाईट सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण, कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार सभी के लिए शिक्षा अन्तर्गत 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु नवभारत साक्षरता कार्यक्रम वर्ष 2022 से 2027 तक संचालित किया जा रहा है। जिसमें 15 वर्ष से उपर के ऐसे असाक्षर जो किसी कारण औपचारिक शिक्षा ग्रहण नही कर पाये है या जिनके पास साक्षर होने का कोई प्रमाण पत्र नही है, उन्हे जिले के समस्त ब्लाक में संचालित सामाजिक चेतना केन्द्रों में अक्षर साथियों के माध्यम से अक्षर ज्ञान व साक्षर कर जिले में आयोजित मूल्यांकन परीक्षा जो कि वर्ष में दो बार आयोजित कराई जाती है। शामिल कराकर साक्षरों को उत्तीर्ण होने पर प्रमाण पत्र किया जाता है। उन्होनें बताया कि जिले में अभी तक तीन मूल्यांकन परीक्षाओ में 47489 नवसाक्षर सम्मिलित हुए जिसमें 46022 नवसाक्षर उत्तीर्ण हुए। जिले मे अभी तक 137422 असाक्षर शेष है। जिन्हे 2027 तक पूर्ण साक्षर किया जाना हैं आगामी सितम्बर 2024 की मूल्यांकन परीक्षा में जिले मे 29100 नवसाक्षरों को परीक्षा मे शामिल करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें व्यौहारी को 6000, जयसिंहनगर 6100,गोहपारू 3000,बुढार 7000 एवं सोहागपुर 7000 नवसाक्षरो को परीक्षा में शामिल करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रशिक्षण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा, प्राचार्य डाईट रमाशंकर गौतम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई अपराध समीक्षा बैठक



**शहडोल।** 3 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा अनुभाग अंतर्गत समस्त थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित महिला संबंधी अपराध, एससी/एसटी संबंधी अपराध एवं लंबित गंभीर अपराध के त्वरित निकाल करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के दौरान सी.एम. हेल्पलाईन शिकायतों का तत्परतापूर्वक संतुष्टि के साथ निराकरण करने, थाने में प्राप्त होने वाली शिकायतों का बेहतर ढंग से निराकरण करने तथा जनता के बीच में पुलिस की उपस्थिति एवं नए गठित कानूनों के अनुसार उचित तरीके से कार्यवाही करने के लिए शहडोल अनुभाग के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये।

## नए कानून को लेकर जनपद सभागार के सभा कक्ष में हुई अहम चर्चा

**मानपुर।** देशभर में लागू होने वाले नए कानून को लेकर थाना मानपुर अंतर्गत जनपद पंचायत मानपुर के सभागार कक्ष में अहम चर्चा कर लोगों को रूबरू किया गया देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है अंग्रेजों के जमाने से चले जा रहे कानून बदलकर नए कानून लागू किया जा रहे हैं जिसमें तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू किया जा रहा है, जिनमें मूल में सजा देने की बजाय न्याय के दुर्भावना है, आज से काफी कुछ बढने जा रहा है, खासकर क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में आज से 1860 में बनी आईपीसी की जगह भारतीय नयाय संहिता 1998 में बनी सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 1872 के इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय शाक्षय अधिनियम ले लेगी इन तीनों नए कानून के लागू होने के बाद के सारे नियम कानून बदल जाएंगे। इनमें कई नई धाराएं शामिल की गई है तो कुछ धारा में बदलाव हुआ है कुछ हटाई गई है नए कानून लागू होने पर आम आदमी पुलिस वकील और अदालतों के कामकाज में काफी बदलाव होगा कानून ब्रिटिश काल की आपराधिक कानून की जगह लेने जा रहे हैं बीते कार्यकाल में तीनों कानून लोकसभा और राज्यसभा में पास हो चुके हैं, इस कानून के तहत देश विरोधी गतिविधियों में शामिल गद्दारों के खिलाफ बेहद सख्त प्रावधान किया गया है इस नए कानून के अनुसार न्यायाधीश को 7 दिनों में और अधिकतम 120 दिनों में ही सुनवाई करनी होगी फर्जी पहचान पत्र का इस्तेमाल करके महिलाओं को फसाना जिसने अपराधी कानून के तहत बहुत बड़ा अपराध है। यह वास्तव में उपलब्धियां में से एक है क्योंकि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत को आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया था और इस दौर के कानून को यानी अंग्रेजों के द्वारा बनाए गए कानून भारतीय दंड संहिता का पालन कर रहा है यह हमारे लिए बात है सही मायने में अब हम स्वतंत्र होंगे और इतिहास रचा जाएगा पुराने कानून में बदलाव करना बहुत जरूरी था रही बात कानून अपराध रोकथाम और



अपराधी के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे पुराने कानून प्रशांति हो चुके थे अपराधी अपराध के नए-नए तरीके अपना कर अपराध कर रहे थे और कानून में उनका उल्लेख न होने से अपराध करने के बाद भी वह बच जाते थे नए कानून में ऐसी महत्वपूर्ण प्रधानों को समाहित किया गया है जिससे अपराधी किसी भी कीमत में बच ना सके वह निर्दोष सुरक्षित रहे चले आ रहे कानून में वह दम नहीं था जो भारत को अपराध मुक्त कर सके अपराध में लगाम लगाया जा सके अपराधियों को कड़ी सजा दिया जा सके क्योंकि अपराधी भी किसी घटना को ऐसे अंजाम देते थे, ताकि वह कानून की गिरफ्त में ना आए वही नवीन कानून लागू होने से अपराधियों की कमर टूटेगी वा अपराध में लगाम लगेगी। नए कानून शक्ति को पोशाक देंगे कोई भी निर्दोष फंसेगा नहीं और दो जान शक्तियों पर की संजय कसा जाएगा और अपराधियों को कड़ी सजा मिलेगी टेक्नोलॉजी के इस दौर में नए कानून बेहद महत्वपूर्ण है। अपराध के किसी भी तरीकों पर कागज चोट करने से नए कानून सक्षम हैं नए कानून लागू होने से पहले विवेचन का विवेक ही महत्वपूर्ण माना जाता था, भले ही विवेचना ठीक तरीके से ना हुई हो अर्थात जांच करता कुछ अधिकारी को जो सही लगा वह लिखता था। अब विवेचना के विवेक के साथ विवेचना के आधुनिक तरीकों का उपयोग किया जाएगा, टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा घटना स्थल की वीडियोग्राफी की जाएगी बयानों की वीडियोग्राफी की जाएगी किसी भी निर्दोष को फंसाया नहीं जा सकेगा व अपराधी को बचाया भी नहीं जा सकेगा, कोर्ट एक निर्धारित समय सीमा के भीतर आरोप तय कर सुनवाई करेगी वही हत्या के जसटम के लिए सजाए मौत या आजीवन कारावास की सजा होगी दुष्कर्म में शामिल लोगों को कम से कम 10 साल की जेल या आजीवन कारावास की सजा होगी और सामूहिक सिस्टम के लिए कम से कम 20 साल की कैद या उसे व्यक्ति के जीवन के लिए करावास की सजा होगी। नया कानून लागू होने के बाद नागरिक किसी भी पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज कर सकेंगे। चाहे उनका अधिकार क्षेत्र कुछ भी हो 0 फिर को क्षेत्र अधिकार वाले पुलिस स्टेशन को अपराध पंजीकरण के बाद 15 दिनों के भीतर भेजा जाना अनिवार्य होगा। जिधर अपील सहित पूरी सनी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी यौन अपराधों के पीड़ितों के बयान दर्ज करते समय वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी, सभी प्रकार के सामूहिक बलात्कार के लिए सर अभी सरिया आजीवन कारावास की होगी फिर के 90 दिनों के भीतर अनिवार्यों से चार सीट दाखिल की जाएगी न्यायालय ऐसे समय को 90 दिनों के लिए और बढ़ा सकता है, जिसमें जांच को समाप्त करने की कुल अधिकतम अवध 180 दिन हो जाएगी, आप आरोप पत्र प्राप्त होने के चार दिन के भीतर पदार्थ का आप तय करने का काम पूरा करना होगा सनी के समापन के बाद 30 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से फैसला सुनाया जाएगा। फैसला सुनाए जाने के साथ दिन के भीतर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा तलाशी और जपती के दौरान वीडियोग्राफी अनिवार होगी। 7 साल से अधिक की सजा वाले अपराधों के लिए फॉरेंसिक टीमों को अनिवार्य रूप से अपराध स्थलों का दौरा करना होगा जिला स्तर पर मोबाइल एफएसएल की तैनाती होगी, 7 सालों से अधिक की सजा वाला कोई भी मामला पीड़ित को सुनवाई का अवसर दिए बिना वापस नहीं लिया जाएगा संगठित अपराधों के लिए अलग कठोर सजा का प्रावधान है साथ ही चैन मोबाइल स्नैचिंग और इसी तरह की शरारती गतिविधियों के लिए अलग-अलग प्रावधान है बच्चों के खिलाफ अपराध के लिए सजा को 7 साल से बढक़र 10 साल करने का विधान है।

## खबर संक्षेप

### युमो ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन



**शहडोल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया, भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा संभागीय मुख्यालय में राहुल गांधी का पुतला दहन किया, तो वही कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए, सोमवार को संसद भवन में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने पर विरोध स्वरूप में पूरे देश के हिंदुओं ने राहुल गांधी के इस बयान का विरोध करना शुरू कर दिया है, मंगलवार को संभागीय मुख्यालय में भी प्रदर्शन कर पुतला दहन किया, विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी, जिला उपाध्यक्ष शीतल पोद्दार, भूपेंद्र मिश्रा, जिला मंत्री शक्ति लक्ष्यकार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा, मंडल महामंत्री पार्षद संतोष रावत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री रविंद्र वर्मा , युवा मोर्चा जिला महामंत्री आदित्य पांडेय, आशीष तिवारी, जिला कार्यालय प्रभारी अंकित सिंह बघेल, नगर मंडल अध्यक्ष अतुल तिवारी, अभिषेक सोनी, अनमोल सोनी, श्रीमती राखी शर्मा, होलकर सिंह परस्ते, विपिन तिवारी, अखिल सोनी, सोनू द्विवेदी, मोहित मिश्रा , राहुल सोनी सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता में पुलिस के कर्मचारियों ने जीते पदक



**शहडोल।** म.प्र. पुलिस राज्य स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जोन स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में किया गया। जिसके तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे कबड्डी, वॉलीबॉल, हॉकी, जिमनास्टिक एवं अन्य आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में शहडोल पुलिस से 2 पुलिसकर्मियों आरक्षक सुदीप मिश्रा ने पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक एवं वेटलिफ्टिंग में रजत पदक हासिल किया एवं प्रधान आरक्षक संतोष कटारिया ने वेटलिफ्टिंग में स्वूर्ण, कुश्ती में रजत और पावर लिफ्टिंग में रजत पदक अर्जित करते हुए शहडोल पुलिस का मान बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने कर्मचारीद्वय को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का अंतिम एवं महत्वपूर्ण पड़ाव- वर्मा

**कोतमा।** जनपद पंचायत सभागार में आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी लाल बहादुर वर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का अंतिम एवं महत्वपूर्ण पड़ाव है। शासन की नियमावली के अनुसार हर शासकीय सेवक को सेवानिवृत्ति की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है लेकिन कुछ कर्मचारी अपने सेवा काल में अपने कार्यों की ऐसी अमिट छाप छोड़ जाते हैं की हमेशा सहकर्मी के लिए प्रेरणा स्रोत बन जाते हैं ऐसे ही जनपद कार्यालय में पदस्थ लेखापाल सुनील कुमार अवधिया की कार्यप्रणाली के चलते जनपद कार्यालय का कार्य हमेशा अव्वल रहा। कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य भुगतान समय अवधि में दिलाने मे वर्क अतुलनीय रहा। लेखापाल सुनील कुमार अवधिया के अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर बिदाई समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस मौके पर अंगवस्त्र, शाल श्री फल स्मृति चिन्ह कई प्रकार के उपहार देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी की कार्यप्रणाली की भूरी भूरी प्रशंसा की। विदाई समारोह कार्यक्रम में विष्णु गुप्ता उबेराज सिंह कुसुम कली पटेल मो. रियाज रामलोचन द्विवेदी प्रीति सिंह सुरेश प्रसाद तिवारी मोहन सिंह पेन्ड्राम गनपत सिंह श्याम ईश्वर चंद शर्मा मनोज यादव सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

# खुले में मांस बेचने का सरकारी आदेश बेअसर

## खन्नौधी ग्राम पंचायत में सड़क किनारे खुले में कट रहा मांस

ग्राम पंचायत में मुर्गा-मछली की दुकानें सड़क के किनारे गुमटियों व स्थायी दुकानों से संचालित हो रही हैं, हैरत की बात यह है कि कुछ दुकानदार अस्वस्थ मुर्गे भी काट लोगों में बीमारी परोस रहे हैं, इसे देख मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चे भी सहम जाते हैं, साफ-सफाई के अभाव में तेज दुर्गंध निकलती हैं. महिलाएं नाक बंद कर दुकानों के रास्ते से गुजरती हैं। शाकाहारी लोगों का तो और भी बुरा हाल हो जाता है।



**शहडोल।**

जिले की गोहपारू जनपद अंतर्गत खन्नौधी ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग किनारे खुलेआम मांस व मछली की बिक्री की जा रही है। इससे गंदगी फैलने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण व लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर कोई उचित कार्रवाई नहीं की जाती है। शासन के आदेश के बाद भी दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से मांस, मछली व अंडे की बिक्री खुलेआम की जा रही है। लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेश का पालन खन्नौधी में नहीं हो पा रहा है।

### आवागमन में होती है परेशानी

बीते माहों में प्रदेश सरकार द्वारा निर्देश जारी किए गए थे, खुले स्थानों पर मांस-मीट का दुकानों का संचालन नहीं होना चाहिए, तत्समय प्रशासनिक अधिकारियों ने खुले में मांस, मछली विक्रेताओं को सूचित कर नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी तक गोहपारू जनपद की खन्नौधी ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्देशों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। मुख्य मार्ग पर लगने वाले बाजार में खुलेआम मांस, मछली व अंडे के विक्रेता द्वारा धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है। ऐसे में इस रास्ते के आवागमन करने वालों राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी मीट मांस की दुकानों पर आदेशों का पालन नहीं करवाया जा रहा है।

### शिकायतें खा रही धूल

ग्राम पंचायत खन्नौधी में मंगलवार को बाजार लगता है, जिसकी बैठकी वसूली ग्राम पंचायत द्वारा की जाती है, ग्राम पंचायत सचिव को मुख्यमंत्री के आदेश की कोई परवाह नहीं है, खन्नौधी पंचायत के प्रभारी सचिव अवधेश कुशवाहा वैसे तो, अकुरी में पदस्थ है, लेकिन जनपद में सांठ-गांठ कर खन्नौधी का भी प्रभार ले रखा है, सचिव का रूवाब इतना है कि चार पहिया वाहन से प्रतिदिन पंचायत पहुंचते है, बीते वर्षो में ग्राम पंचायत में हुए निर्माण कार्यो में भी जमकर धांधली के आरोप समय-समय पर लगते रहे है, लेकिन सचिव की पकड़ के आगे स्थानीय लोगों की शिकायतें धूल खा रही है।

### सचिव नहीं कर पा रहा कार्यवाही

खन्नौधी पंचायत में खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए सीईओ ने सचिव को निर्देशित किया था, लेकिन खुद को मुख्यमंत्री से बड़ा मान चुके तथाकथित सचिव द्वारा सीईओ के निर्देश को रद्दी की टोकरी में डाल दिया है, दुकानदार खुले में अवैध रूप से मांस-मछली की बिक्री करते दिखाई दे रहे हैं। मीट मांस के दुकानदारों द्वारा खुले में दुकानें संचालित करने के आदेश का उल्लंघन तो कर रहे है, साथ ही बचे हुए अपशिष्ठ का नष्टीकरण भी नहीं किया जा रहा है। दुकानदारों द्वारा मांस के बचे हिस्सों को खाली प्लाटों में फेंका जा रहा है, जिससे आवारा कुत्ते खाकर हिंसक होते जा रहे है, जो लोगों को काट कर घायल कर रहे है, लेकिन सचिव नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

### इनका कहना है

अगर ऐसा है तो, गलत है, मैनें सचिव को पहले ही निर्देश दिये थे कि खुले मांस की दुकाने न लगे एवं अलग से दुकाने लगाई जाये।

**वेदमणि मिश्रा**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत, गोहपारू**

## आरटीओ ने 3 स्कूल वैन सहित 1 पिकअप किया जप्त




**उमरिया।** जिला मुख्यालय में संचालित विद्यालयों में बच्चों को स्कूल वैन के माध्यम से घर से स्कूल तक लाने ले जाने का जिम्मा लगभग स्कूलों ने ही उठा कर रखा हुआ है। स्कूल वैन के चार्ज भी प्रत्येक अभिभावक से विद्यालय प्रबंधन के द्वारा वसूले जाते हैं। साथ ही नगर में कुछ स्कूल वैन कॉमन सर्विस के तहत चल रहे है, अभिभावकों से मोटी रकम वसूलने के बावजूद भी भी स्कूल वैन का रेगुलर मेंटेनेंस, फिटनेस और इंश्योरेंस पर विद्यालय प्रबंधन ध्यान नहीं देता है। उक्त मामले की पोल आज तब खुली जब जिला मुख्यालय उमरिया में आरटीओ दल के द्वारा सुबह विद्यालय जाते समय चौक चौराहों पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई वैन में तो क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा कर बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आरटीओ संतोष पॉल ने बताया कि ऐसे कई वैन मिले हैं , जिनकी इंश्योरेंस और फिटनेस तक नहीं है। इस तरह के 3 स्कूल वैन और सडक पर बिना फिटनेस परमिट के दौड़ रही पिकअप को जप्त किया गया पैसा है। तीनों स्कूल वैन और पिकअप को कोतवाली उमरिया में खड़ा किया गया है।

**इन 3 स्कूल वैन पर हुई कार्यवाही** - ग्रामीण परिवहन के लिए रजिस्टर्ड एमपी 54 जीपी 0115 को स्कूली बच्चों के परिवहन के लिए उपयोग में लिया जा रहा था, वहीं प्राइवेट वाहन के रूप में पंजीकृत वाहन क्रमांक एमपी 20 सीएल 6892 को वैन में आईपीएस स्कूल का लोगो लगाकर स्कूली बच्चों का परिवहन किया जा रहा था। वाहन क्रमांक एमपी 54 टी 0406 टैक्सी वहां जिसमें बच्चों का परिवहन किया जा रहा था उसका ना तो फिटनेस था और ना ही परमिट वैलिड था। उक्त कार्रवाई के दौरान कटनी से सब्जी का परिवहन करके उमरिया लाने वाली पिकअप क्रमांक एमपी 21 जी 3038 के औचक निरीक्षण के दौरान फिटनेस और परमिट न मिलने कारण जप्त किया गया है। वहीं 1 जुलाई को ग्राम बड़ेरी के पास एक ऐसी स्कूल बस को जप्त किया गया है, जिसका रजिस्ट्रेशन भी नहीं हुआ था। आरटीओ उमरिया संतोष पॉल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में बच्चों के परिवहन के लिए उपयोग में आने वाली स्कूल वैन का कमर्शियल पंजीकरण होने के साथ-साथ स्कूल का परमिट और परिवहन में उपयोग आने वाले वाहन का फिटनेस, इंश्योरेंस मासूम बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी नगरीय केन्द्रों में जहां स्कूली वैन के माध्यम से बच्चों को लाने ले जाने का काम किया जाता है, ऐसे सभी नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में औचक निरीक्षण करके ऐसे तमाम वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शपथ ग्रहण के साथ प्रतिभावान युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

**शहडोल।**



केसरवानी समाज द्वारा समाज के प्रतिभावान युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया । यह आयोजन केसरवानी वैश्य जिला सभा रीवा के तीनों घटकों के नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं केसरवानी वैश्य सभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष अनिल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला विशेष अतिथि, अध्यक्षता सुनील गुप्ता, राष्ट्रीय मंत्री विजय गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता, प्रदेश महामंत्री मनोज गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि केसरवानी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया जाए। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने अपने उद्बोधन में समाज को आश्वासन दिया गया कि उचित मांगों पर पहल की जाएगी। आयोजन में समाज के प्रतिभावान युवाओं एवं समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया । समारोह में केसरवानी वैश्य जिला सभा शहडोल के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रदेश सभा के उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, प्रदेश सभा संयोजक रुपेश राजू गुप्ता, प्रदेश तरुण सभा अध्यक्ष डॉ. विशेष चंद्र गुप्ता, प्रदेश सभा प्रवक्ता यत्नेश केसरवानी, प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश गुप्ता, नगर सभा सरई ग्राम अध्यक्ष रामनरेश गुप्ता, महामंत्री रोशन लाल गुप्ता, जिला सभा रीवा महामंत्री अशोक गुप्ता, जिला महिला सभा रीवा अध्यक्ष ज्योति प्रधान, महामंत्री प्रवीण गुप्ता,जिला तरुण सभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, महामंत्री अक्षय केसरी, रामस्वरूप गुप्ता, मनीष गुप्ता सहित समारोह में समाज के सभी वर्गों महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे ।

### पात्रों को प्राथमिकता के आधार पर तीन माह में मुहैया कराएं रोजगार

## कालरी प्रबंधन एवं जिला प्रशासन की मौजूदगी में राज्यमंत्री ने दिये निर्देश



**कोतमा।**

मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज के समय में रोजगार लोगों की जरूरत है, लोगों की भूमि अधिग्रहण के बदले पात्रता के अनुसार रोजगार मुहैया कराया जाना काश्तकारों के जीविकोपार्जन के लिए आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव में कैंप लगाकर एसईसीएल के लंबित रोजगार प्रकरणों का निराकरण किया जाए। राज्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रहित में पुश्तैनी भूमि जिन्होंने दिया है उन्हें प्राथमिकता से रोजगार उपलब्ध कराया जाए। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर अधिकारी सुनिश्चित करें। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल रविवार को एसईसीएल के भालूमाड़ा गेस्ट हाऊस में एसईसीएल प्रबंधन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र गौतम, एसईसीएल जमुना-कोतमा के महाप्रबंधक एच.एस. मदान, हंसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, मोजर बेयर जैतहरी के प्लांट हेड बसंत मिश्रा तथा थाना प्रभारी कोतमा एवं भालूमाड़ा, कालरी प्रबंधन व मोजर बेयर के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री को अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत आमाडांड में 702 हेक्टेयर भूमि 2004-05 में एमपीएलआरसी के तहत तथा कोल बेरिंग (सीबी) एक्ट के तहत 574 कास्तकारों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है। एमपीएलआरसी के तहत भूमि के एवज में 870 रोजगार देने थे परंतु 610 लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया तथा 260 लोग शेष बचे हैं। इसी तरह सीबी एक्ट के तहत 557 कास्तकारों को रोजगार दिया जाना है, जिसके संबंध में सभी आवश्यक प्रक्रिया तीन माह में पूर्ण कर पात्र किसानों को रोजगार एवं मुआवजा प्रदान करने के संबंध में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कालरी प्रबंधन के अधिकारियों को निर्देश दिए। एसईसीएल के अधिकारियों ने बैठक में अवगत कराया कि एमपीएलआरसी के तहत 54 लोगों के रोजगार के प्रकरण प्रक्रिया में है तथा 96 लोगों की भूमि दूसरे के नाम पर होने पर कोर्ट में विचाराधीन है। बैठक में बताया गया कि सात रोजगार के प्रकरण अनूपपुर जिले के बाहर के निवासियों का है, जिन्हें रोजगार देना है तथा जिसके संबंध में डीआरसी में प्रस्ताव रखा जाएगा। एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि 46 लोगों की भूमि में पारिवारिक सहमति नहीं होने के कारण रोजगार के प्रकरण लंबित है। जिस पर राज्य मंत्री ने कहा कि लंबित सभी काश?तकारों के प्रकरणों का तीन माह के अन्दर निराकरण कर भूमि स्वामियों को रोजगार मुहैया कराया जाए। कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि रोजगार देने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए तथा व्यवस्थाओं को सुधारते हुए रोजगार प्रकरणों का निराकरण किया जाए। बैठक में एसईसीएल के अधिकारियों ने राज्य मंत्री से कहा कि ग्राम पंचायत आमाडांड, कोहका एवं मझौली आदि ग्रामों के कास्तकारों के प्रकरणों का आगामी तीन माह में प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए पात्रता अनुसार कास्तकारों को रोजगार व मुआवजा प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने मोजर बेयर से गढ़ी एवं हरद में फ्लाई ऐश के डम्पिंग के लिए संचालित हाईवा वाहनों से स्थानीय लोगों को हो रही असुविधा तथा दुर्घटना के संबंध में बैठक में उपस्थित मोजर बेयर एवं एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों को सुरक्षित परिवहन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस मार्ग से मोजर बेयर के फ्लाई ऐश का परिवहन किया जा रहा है, उस मार्ग पर सुरक्षात्मक पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने आवश्यक स्थानों पर सीसीटीव्ही तथा सुरक्षा गार्ड लगाकर आवागमन पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने हाईवा वाहनों पर शासन से जारी प्रावधान के अनुसार लोडिंग हाइट का पालन कराने तथा स्पीड ब्रेक प्वाइंट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने गोविंदा कालरी सड़क के चौड़ीकरण तथा झिरियाटोला से पेन्ड्रा रोड पर भारी वाहनों का परिवहन नियंत्रण कर जनसुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए, जिससे किसी तरह की दुर्घटना न हो सके। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बैठक में एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों को एसईसीएल के लिए अधिग्रहीत भूमि के बदले काश्तकारों को रोजगार के लिए समस्त दस्तावेजों की पूर्ति समय-सीमा में करके आगामी तीन माह में लंबित सभी भूमि प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कोयला एवं फ्लाई ऐश परिवहन के मार्गों में सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने तथा आम जन को परिवहन से किसी तरह की कठिनाई का सामना न करना पड़े इस बात का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## बदरा निवासी ने बैंक खाता विवरण की चोरी को लेकर शिकायत दर्ज की

**जमुना/बदरा।** जिले के बदरा निवासी रवि कुमार तिवारी ने अपने बैंक खाते की निजी जानकारी के अवैधानिक तरीके से प्राप्त होने के मामले में शिकायत दर्ज की है। रवि का खाता ग्रामीण बैंक की बदरा शाखा-सकोला में है। उन्होंने बताया कि उनके खाते की जानकारी अमरनाथ तिवारी नामक व्यक्ति ने किसी अवैध तरीके से प्राप्त कर ली और उसे कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर में विचारण के दौरान प्रस्तुत किया। रवि कुमार तिवारी ने बताया कि अमरनाथ तिवारी ने उनके बैंक खाते की जानकारी का उपयोग न्यायालय में आवेदन पत्र के साथ मय-दस्तावेज (फोटो-कॉपी) प्रस्तुत करने के लिए किया था, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया रवि का कहना है कि बैंक कर्मचारियों से पूछने पर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला कि उनकी निजी जानकारी अमरनाथ तिवारी को कैसे मिली।

**बैंक कर्मचारियों की जांच की मांग-** रवि कुमार तिवारी ने अपने आवेदन में बैंक कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने कहा कि बैंक कर्मचारियों ने उनकी निजी जानकारी को सुरक्षित नहीं रखा, जिससे उनकी जानकारी अवैधानिक तरीके से प्राप्त हुई। रवि ने इस मामले में अमरनाथ तिवारी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की मांग की है। रवि ने अपने आवेदन में कहा है कि बैंक कर्मचारियों और अमरनाथ तिवारी के बीच की संलिप्तता की गहन जांच की जाए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इस प्रकार की घटनाएं भविष्य में न हों।

**पुलिस और बैंक प्रशासन की भूमिका-** इस मामले में स्थानीय पुलिस और बैंक प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है रवि ने पुलिस और बैंक प्रशासन से मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की अपील की है। इस खबर से यह स्पष्ट होता है कि बैंक खातों की सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है और इसे लेकर सभी को सतर्क रहना चाहिए। बैंक प्रशासन को भी अपने सुरक्षा मानकों को और मजबूत करना होगा ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके।

## अमरनाथ यात्रियों को युवाओ ने श्रीफल देकर की मंगलमय की कामना




**कोतमा।** 2 जुलाईको कोतमा नगर से एक दर्जन से ज्यादा युवाओं का जत्था अमरनाथ दर्शन करने के लिए ट्रेन से रवाना हुए। दर्शन करने निकले सभी युवाओं को नगर वासियों द्वारा तिलक लगाकर, श्रीफल देकर उनकी धार्मिक यात्रा के मंगलमय होने की कामना की गई। अमरनाथ जाने वाले शिव भक्तों में राजन सोनी, अनुज जैन, दीपेश जैन, अमित सोनी, राहुल जैन, सतन शर्मा, अजीत गुप्ता, अर्जुन, प्रकाश सोनी, राजा सोनी, राजेश वर्मा, गुड्डू प्रजापति,जोगेंद्र सोनी, कविता वर्मन, सुनील सतनामी, राजेश सोनी शामिल हैं। दर्शन करने जा रहे दीपेश जैन ने बताया कि अनूपपुर से दुर्ग जम्मू ट्रेन से जम्मू उतरकर पहलगाम के रास्ते 3 दिनों तक अमरनाथ की यात्रा होगी। अमरनाथ में भगवान के दर्शन उपरांत वैष्णो देवी जाएंगे जहां माता वैष्णो देवी के भी दर्शन कर नगर में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना कर वापस कोतमा आएंगे। नगर के मनोज सराफ, विजय पांडे, पुष्पेंद्र जैन, विनय चावड़ा, अजय ताम्रकार, राजेश गुप्ता सहित अन्य लोगो द्वारा अमरनाथ के लिए रवाना किया गया।

## खबर संक्षेप

### पट्टे की आराजी पर किया जा रहा कब्जा

**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र निवासी अमिताभ शर्मा पिता रमाकांत शर्मा उम्र 47 वर्ष ने थाना प्रभारी को शिकायत देते हुए बताया कि रमाकांत, उमाकांत पिता स्व. रमेश कुमार शर्मा के पट्टे की आराजी एक हेक्टेयर में दुर्गेश द्विवेदी द्वारा कब्जा किया जा रहा है, फरियादी ने पुलिस से मांग की है कि मेरे जान को खतरा है एवं कथित लोग मेरे साथ कुछ भी कर सकते हैं, मुझे झूठे प्रकरण में भी फंसा सकते हैं, उक्त मामले की जांच कर कार्यवाही की जाये।

### पौधरोपण बनेगा जन आंदोलन, हर स्तर पर तैयारी शुरु

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा है कि पौधरोपण को जन आंदोलन बनाएं और इसमें सभी की सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग व गर्मी से निजात दिलाने में पेड़ों से प्राण वायु मिलती है। आपने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी भी है कि वह पौधे लगाए तथा उनकी सुरक्षा भी करें क्योंकि यह हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत ही जरूरी है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की बैठक में ग्रामीण तथा नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधरोपण हेतु बडे भूखण्डों का चयन करें तथा उनकी फेसिंग भी कराएं। गढ्ढा खुदाई का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा आवश्यकतानुसार पौध की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली जाए। आपने सीईओ जिला पंचायत को इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्ता किया है। इसके अतिरिक्त जिन विभागों के कार्यालय परिसरों मे भूमि उपलब्ध है अथवा कालेज, स्कूल, आंगनबाडी, अस्पताल परिसर आदि में भी पौधरोपण की गतिविधियां संचालित की जाए। पौधरोपण कार्यक्रम में सभी विभाग प्रमुख अधिकारी अपने अमले के साथ भाग लें तथा पौधरोपण के पश्चातत सेल्फी लेकर डाउनलोड करें। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि पौधरोपण के बाद जब पौध विशाल वृक्ष का रूप लेते है तो उनसे हमें फल एवं छाया प्राप्ती होती है । अब पेड़ हमें सांस लेने के माध्यम बन गए हैं, क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग व गर्मी बढ़ गई है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने की अपेक्षा की है ।

### एक पौधा मां के नाम के तहत किया गया पौधरोपण



**उमरिया।** जिला समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद रवीन्द्र कुमार शुक्ला ,सामाजिक न्याय विभाग उपसंचालक राजीव गुप्तान, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि संतोष कुमार त्रिपाठी, नवांकुर संस्थाव प्रतिनिधि अनुराग कुमार त्रिपाठी, परामर्शदाता जयभारती साहू , परामर्शदाता राघवेन्द्रव शरण व्दिवेदी की उपस्थिति में जिला पंचायत परिसर में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के निर्देश एवं प्रधानमंत्री जी के आव्हापन पर एक पौधा मां के नाम लगाने को लेकर के पौधरोपण किया गया और साथ ही समस्त परामर्शदातओं एवं समस्ते नवांकुर संस्था ओं से कहा गया कि वे फील्ड में समितियों के माध्यम से जन सहयोग से पौधरोपण करवाए और उनको संरक्षित करें ।

### न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण में सरकार के लचर रवैये

**रीवा।** मध्य प्रदेश में न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के मामले में पहले तो भाजपा सरकार ने 5 वर्ष की बाध्यता को दरकिनार कर 9 वर्ष में किया और अब उसे कारखाना मालिकों से मिलीभगत कर कानूनी उलझन में फंसाकर मजदूरों से छीनने की साजिश की जा रही है उक्त आशय के आरोप सीटू के जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, महासचिव सौरभ मिश्र ने लगाते हुये कहा कि इंदौर खण्डपीठ द्वारा दिये स्थगन के आदेश के मामले में 1 जुलाई को हुयी सुनवाई में सरकारी वकील द्वारा जवाब प्रस्तुत करने के नाम पर न्यायालय से समय मांगा जिससे मामले की सुनवायी स्थगन समाप्त कराने के मामले में सरकार मिलीभगत व टालमटोल का रवैया अपना कर 25 लाख से अधिक श्रमिकों-संविदा कर्मियों के अधिकारों व उनके परिजनों के हितों पर कुठाराघात कर रही।

## शपथ ग्रहण के साथ प्रतिभावान युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

# केसरवानी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया जाए

**शहडोल।** केसरवानी समाज द्वारा समाज के प्रतिभावान युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन केसरवानी वैश्य जिला सभा रीवा के तीनों घटकों के नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं केसरवानी वैश्य सभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष अनिल गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला विशेष अतिथि, अध्यक्षता सुनील गुप्ता, राष्ट्रीय मंत्री विजय गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी गुप्ता, प्रदेश महामंत्री मनोज गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि केसरवानी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया जाए। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने अपने उद्बोधन में समाज को आश्वासन दिया गया कि उचित मांगों पर पहल की जाएगी। आयोजन में समाज के प्रतिभावान युवाओं एवं समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। समारोह में केसरवानी वैश्य जिला सभा शहडोल के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, प्रदेश सभा के उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, प्रदेश सभा संयोजक रुपेश राजू गुप्ता, प्रदेश तरुण सभा अध्यक्ष डॉ. विशेष चंद्र गुप्ता, प्रदेश सभा प्रवक्ता यत्नेश केसरवानी, प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश गुप्ता, नगर सभा सरई ग्राम अध्यक्ष रामनरेश गुप्ता, महामंत्री रोशन लाल गुप्ता, जिला सभा रीवा महामंत्री अशोक गुप्ता, जिला महिला सभा रीवा अध्यक्ष ज्योति प्रधान, महामंत्री प्रवीण गुप्ता,जिला तरुण सभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, महामंत्री अक्षय केसरी, रामस्वरूप गुप्ता, मनीष गुप्ता सहित समारोह में समाज के सभी वर्गों महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे ।



## युमो ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन, लगाए मुर्दाबाद नारे



**शहडोल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया, भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा संभागीय मुख्यालय में राहुल गांधी का पुतला दहन किया, तो वही कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे भी लगाए, सोमवार को संसद भवन में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बताने पर विरोध स्वरूप में पूरे देश के हिंदुओं ने राहुल गांधी के इस बयान का विरोध करना शुरू कर दिया है, मंगलवार को संभागीय मुख्यालय में भी प्रदर्शन कर पुतला दहन किया, विरोध प्रदर्शन में भाजपा जिला महामंत्री संतोष लोहानी, जिला उपाध्यक्ष शीतल पोद्दार, भूपेंद्र मिश्रा, जिला मंत्री शक्ति लक्ष्यकार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती निभा गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्रा, मंडल महामंत्री पार्षद संतोष रावत, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री रविंद्र वर्मा , युवा मोर्चा जिला महामंत्री आदित्य पांडेय, आशीष तिवारी, जिला कार्यालय प्रभारी अंकित सिंह बघेल, नगर मंडल अध्यक्ष अतुल तिवारी, अभिषेक सोनी, अनमोल सोनी, श्रीमती राखी शर्मा, होलकर सिंह परस्ते, विपिन तिवारी, अखिल सोनी, सोनू द्विवेदी, मोहित मिश्रा , राहुल सोनी सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों का दी विदाई



**शहडोल।** 2 जुलाई को उपनिरीक्षक रामदत्त चक्रवाह थाना ब्यौहारी, श्रीमती कनकलता दुबे महिला थाना शहडोल, सहायक उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह कार्यालय पुलिस अधीक्षक को सेवानिवृत हो जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान द्वारा माल्यार्पण कर शॉल एवं श्रीफल के साथ प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड भेंटकर सम्मानित किया एवं आगामी स्वस्थ जीवन के लिये शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक राघवेन्द्र द्विवेदी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजन एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

### बेटे को वापस लाने कप्तान से लगाई मां ने गुहार

**उमरिया।** जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के मरई गांव के राजकुमार बैगा की मां पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है कि गांव के ही युवक ने मेरे पुत्र राजकुमार को काम के लिए ले जा कर बेच दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने उक्त मामले में जांच के निर्देश दिये हैं। जानकारी के अनुसार मानपुर के मरई गांव के 20 वर्षीय युवक को रोजगार देने के नाम पर 10 माह पहले उत्तरप्रदेश के मेरठ जिले ले जाया गया, अब बेटे से मां की और परिवारजनों की बात नहीं हो पा रही है।

राजकुमार बैगा 2023 के सितम्बर में गांव के धर्मेन्द्र बैगा के साथ काम करने के लिए गया था, उसके बाद से ही परिवारजनों से बात नहीं हो पा रही है। परिवारजनों ने थाना मानपुर में जनवरी माह में भी शिकायत की थी, लेकिन शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिसके बाद मां गीता बाई अतिरिक्त सोमवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर अपने बच्चे तो वापस लाने की गुहार लगाई है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में पुलिस के कर्मचारियों ने जीते पदक

**शहडोल।** म.प्र. पुलिस राज्य स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जोन स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में किया गया। जिसके तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे कबड्डी, वॉलीबॉल, हॉकी, जिमनास्टिक एवं अन्य आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में शहडोल पुलिस से 02 पुलिसकर्मियों आरक्षक सुदीप मिश्रा ने पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक एवं वेटलिफ्टिंग में रजत पदक हासिल किया एवं प्रधान आरक्षक संतोष कटारिया ने वेटलिफ्टिंग में स्वूर्ण, कुश्ती में रजत और पावर लिफ्टिंग में रजत पदक अर्जित करते हुए शहडोल पुलिस का मान बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने कर्मचारीद्वय को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।




## मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में कलेक्टर सभागार में नगरीय निकाय उमरिया एवं त्रिस्तरीय पंचायतो की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु मास्ट्र ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव गोविंद सिंह मरकाम, मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग व्दारा फोटो मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर को किया जाएगा। उन्होने कहा कि पूरी शुध्दता के साथ फोटोयुक्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को अंजाम दिया जाए। जो व्यक्ति पात्र है, उनको जोडा जाए तथा जो व्यक्ति गांव अथवा नगरीय निकायों से कहीं चले गये है उनके नाम हटा दिए जाए । अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम ने कहा कि फोटो युक्त सूची का वार्षिक पुनरीक्षण 1 जनवरी 2024 की स्थिति में करने उन्हें प्रकाशित करने तथा सूचियों के संबंध में प्रस्तुत दावे और आपत्तियो का निराकरण कर उन्हे संशोधित करते हुए अंतिम रूप देने के लिए रजिस्ट्री करण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए है। मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा व्दारा बताया गया कि प्रथम चरण में कंट्रोल टेबल का परीक्षण, द्वितीय चरण में मतदाताओ की शिफ्टिंग और वेरीफिकेशन, तृतीय चरण में प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अंतिम चरण मे मतदाता सूची तैयार करने, दावा आपत्ति प्राप्त की प्रारंभ तैयारी , ई आर ओ के कार्य, प्राधिकृत कर्मचारियों के कार्य, दावा आपत्ति फार्म, दावा आपत्ति प्राप्त करते समय सावधानियां, दावा आपत्ति की जांच करते समय सावधानियां, दावा आपत्ति फार्म का निराकरण, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन की जानकारी दी गई।

## पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट में इलाज के नाम से धोखाधड़ी का शिकार हुए भाजपा जिला अध्यक्ष

**उमरिया।** उमरिया जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है जहां पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रमुख कहे जाने वाले पद जिला अध्यक्ष के साथ धोखाधड़ी की घटना निकलकर सामने आई है। जहां भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे से 2,19,235 की धोखाधड़ी हुई है। वहीं पूरे मामले में दिलीप पांडे ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया है कि मेरे माता-पिता जी का स्वास्थ्य काफी दिनो से खराब रहता है जहां मेरे माता-पिता जी के इलाज के लिए मैंने पतंजलि की ट्रस्टेबल वेबसाइट से एक नंबर निकाला जो अनुराग गौतम के नाम से रजिस्टर्ड था वह अपने आप को बाल्मिकी आचार्य अनुराग गौतम बताता था। जहां उसने सारी बातें बताई और इलाज के पहले मेरे से 60,600 रुपए पहले डलवा लिए उसके बाद धीरे-धीरे करके कुल मिलाकर 2,19,235 रुपए मैने पतंजलि ट्रस्ट के नाम से अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर की। लेकिन जब मेरे माता-पिता जी हरिद्वार पतंजलि आश्रम में गए तो नकली गेट पास होने का हवाला देकर उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया इसके बाद वापस लौट कर पाली थाने में हमने रिपोर्ट दर्ज कराई है और कार्यवाही की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे जैसे सशक्त और पढ़े लिखे व्यक्ति से धोखाधड़ी के मामले होने से लोग दहशत में हैं और अब लोग ठगी का शिकार भी लगातार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों को उम्मीद सिर्फ पुलिस से है अब देखने वाली बात यह है कि पुलिस इस पर क्या कार्रवाई करती है क्या भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष को वह न्याय दिला पाएगी या यह एक महज औपचारिकता के रूप में रखी जाएगी। वही संबंध में पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ धोखाधड़ी हुई है जिसकी शिकायत हमने दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई जारी है।



## प्रदेश को विकसित बनाएगा, हर वर्ग के जीवन में खुशियां लाएगा नया बजट : जनार्दन मिश्रा

**रीवा ।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि 3 लाख, 65 हजार, 67 करोड़ रुपये का यह बजट अब तक का सबसे बड़ा एवं ऐतिहासिक बजट है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट कुशल आर्थिक प्रबंधन की मिसाल है। भाजपा सरकार का फोकस हमेशा से विकास पर रहा है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही है। उनकी सरकार द्वारा प्रस्तुत यह सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय बजट प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान करेगा। यह बजट मध्यप्रदेश के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों के साथ समाज के हर वर्ग को ताकत देने वाला है, जिसमें गरीब कल्याण का ध्यान रखा गया है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वादा, युवाओं को रोजगार : राजेंद्र मिश्रा

भाजपा मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने प्रदेश सरकार के प्रस्तुत बजट को जन सामान्य की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट निरूपित करते हुए कहा है किकांग्रेस पार्टी ने हमेशा युवाओं के साथ धोखा किया है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने प्रदेश के युवाओं से जो वादे किए थे, उनमें से किसी वादे को पूरा नहीं किया। वहीं भाजपा की सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए हर हाथ को काम की अवधारणा पर कार्य कर रही है। युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने युवाओं, व प्रदेश की जनता से बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं रोजगार का जो वादा किया था, वह उसे पूरा करने की ओर अग्रसर है। प्रदेश में बच्चों के सर्वांगीण विकास की सोच के साथ सी.एम राईज योजना शुरू की गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत लगभग 150 सी.एम राईज विद्यालय नवीन भवन में संचालित होंगे। सी.एम.राईज विद्यालयों के लिये रूपये 2 हजार 737 करोड़ का प्रावधान है। शासकीय स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता के साथ खेल, नृत्य, संगीत शिक्षकों के 11 हज़ार पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है।

### जिला लोकल लेबल कमेटी की बैठक संपन्न

**रीवा।** राष्ट्रीय न्यास लोकल लेबल कमेटी की बैठक अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विधिक संरक्षकता के आवेदनों पर विचार एवं नियुक्ति के दौरान कुल प्राप्त 12 आवेदनों में से 11 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय न्यास निरामया योजनान्तर्गत 150 हितग्राहियों का बीमा कराया गया है। इस अवसर पर निर्देश दिये गये कि लोकल गार्जियन के आवेदन पूर्ण परीक्षणोपरांत ही अनुमोदित कराये जांय। बैठक में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, ए.के. खान, के.पी. गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव, संतोष अवधिया, शशिधरमणि त्रिपाठी, दिवाकर सिंह तथा रामजी पाण्डेय उपस्थित रहे।

## चोरों ने व्यापारी के घर से सोने के गहने सहित कई लाखों की नकदी ले कर हुए फरार

**रीवा।**



जिले के अतरैला बाजार स्थित एक घर से चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर सोने के गहने व 1.50 लाख की नकदी चोरी कर फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित रामशंकर सोनी उर्फ राजा पुत्र राजबली सोनी निवासी अतरैला बाजार ने बताया कि गत दिन वह अपने परिवार के साथ दक्षिण भारत तीर्थ यात्रा में गए हुए थे। जब कल सुबह 11 बजे घर वापस आए तो देखा कि घर के सभी दरवाजे खुले हुए थे और अंदर पड़ा हुआ सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने बताया कि चोर घर के लोहे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए और घर में पड़ी अलमारियों का लॉक तोड़कर उसमें से एक सोने का सेट, 3 सोने की अंगूठियां, 2 जोड़े सोने की बालियां एक मंगलसूत्र 22 ग्राम का व 1.50 लाख रुपए चोरी कर फरार हो गए। अज्ञात चोरों ने करीब दस लाख की चोरी की वारदात को अंजाम दिया हैं पीड़ित ने बताया कि उन्होंने थाना अतरैला पुलिस को सूचित कर दिया है। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने के बाद थाना अतरैला की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लेने के उपरांत मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने के लिए करें पौधरोपण

**बुढार।** विश्व पर्यावरण के अवसर पर बुधवार को वन विभाग के द्वारा फलदार पौधे का रोपण ग्राम पंचायत धनपुरा में सैंकड़ों पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर वन मंडल अधिकारी/ उप वन मंडल अधिकारी जैतपुर गौरव जैन ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है जिससे हमें स्वस्थ शरीर के लिए एनर्जी मिलती है।वन मंडल अधिकारी बुढार सलीम खान ने कहा कि इंसान हो या पशु-पक्षी हर किसी को आक्सीजन की जरूरत होती है, बिना आक्सीजन के व्यक्ति एक क्षण भी नहीं जीवित रह सकता है इसलिए आक्सीजन बनाने के लिए पौधों का होना अत्यंत आवश्यक है। इसकी महत्ता को हर किसी को समझना होगा। जिले में कलेक्टर तरूण भटनागर एवं दक्षिण वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पेंद्रे के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर गौरव जैन वन मंडल अधिकारी/उप वन मंडल अधिकारी जैतपुर एवं सलीम खान वन परिक्षेत्र अधिकारी बुढार, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कमला प्रसाद वर्मा,तथा ग्राम पंचायत धनपुरा सरपंच श्रीमती गुड़िया बैगा एवं अन्य ग्रामीण जन एवं विभागीय कर्मचारियों ने एक पौधें रोपण किया।



**खबर संक्षेप**

## 14 टन लकड़ी के साथ वाहन जप्त, रात के अंधेरे में तस्करी पर हुई कार्यवाही



**कोतमा।** वनपरिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत दिनांक 03 जुलाई की मध्यरात्रि को बीट पोड़ी अंतर्गत 1 बजे घेराबंदी कर ट्रक वाहन सीजी 31 बी 4080 का चालक दीपक पटेल को ट्रक वाहन सहित अवैध नीलगिरी परिवहन करते पकडा गया। वाहन चालक के पास नीलगिरी परिवहन संबंधी कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं पाए गए, वाहन में 14 टन लगभग लिपटिस कीमती 1 लाख बताई जा रही है। अवैध नीलगिरी परिवहन पाए जाने पर वाहन जप्त कर परिक्षेत्र कैम्पस में लाकर खडा कराया गया है। वाहन स्वामी अनिल अग्रवाल निवासी अमलाई का बताया गया। अवैध परिवहन की कार्यवाही करते हुए जांचकी जा रही है। कार्यवाही के दौरान हरीश तिवारी रेंजर कोतमा, राजू केवट परिक्षेत्र सहायक, राकेश समुद्रे, दादूराम कुशवाहा, राघवेंद्र तिवारी एवं बुद्धू लाल केवट शामिल रहे।

## जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक कल

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत लहरपुर, महुदा, खोलाड़ी के ग्राम रोजगार सहायक के नियुक्ति के संबंध में शिकायत आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक 05 जुलाई 2024 को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने समिति के सभी सदस्यों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## जिले में 3.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 3.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 1.8, जैतहरी में 3, वेंकटनगर में 5, पुष्पराजगढ़ में 5.2, अमरकंटक में 3.2 तथा बेनीबारी में 12.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र कोतमा तथा बिजुरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

## किसान कल्याण योजना के किश्त का कल मुख्यमंत्री करेंगे वितरण

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में कुल राशि रुपए 6000 तीन समान किस्तों में प्रदान किए जाते है। हितग्राही परिवारों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त किस्त का वितरण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 5 जुलाई को जिला टीकमगढ़ से लाडली बहना योजना तथा उज्ज्वला योजना के गैस रीफिल अनुदान के साथ किया जायेगा। इस कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से जिला/ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रसारण किया जाएगा।

### उड़ीसा से ब्यौहारी ले जा रहे थे गांजे की खेप

# कार ने उगला 70 किलो गांजा, कोतमा पुलिस की कार्रवाई

### 5 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज, 2 आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार



**अनूपपुर।** उड़ीसा से गांजा की खेप ला रहे कार को कोतमा पुलिस ने 2 जुलाई को कोतमा-भालूमाड़ा रोड स्थित कदमटोला के जंगल के पास घेराबंदी कर रोकते हुए कार से 70 किलो गांजा जब्त करते हुए 5 आरोपियों के खिलाफ एनडीपीए एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों महेन्द्र उर्फ बिन्दा सोनी पिता हरीश सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 5 एवं अंगद सिंह गोड़ पिता सुरेश सिंह गोड़ उम्र 26 वर्ष निवासी भालूगुड़ार बिजुरी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार उड़ीसा से कार में गांजा की खेप लाए जाने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी के निर्देशन में कोतमा थाना प्रभारी सुन्द्रेश मरावी ने कदमटोला के जंगल में घेराबंदी करते हुए कार क्रमांक सीजी 04 एचएल 2137 को रोकते हुए कार की तलाशी ली गई। जहां तलाशी के दौरान कार के अंदर से 5-5 किलो के 14 पैकेट में कुल 70 किलो गांजा जब्त करते हुए दो अरोपियों महेन्द्र उर्फ बिन्दा सोनी एवं अंगद सिंह गोड़ को पकड़कर थाना लाया गया, वहीं मौके से विनय सोनी उर्फ गुड्डी निवासी सोहागपुर जिला शहडोल मौके से फरार हो गया। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान दोनो आरोपियों ने बताया कि 30 जून रविवार को वे कार से गांजा की खेप लेने उड़ीसा गए थे। जहां से कार में गांजा लोड़ कर शहडोल जिले के ब्यौहारी में किसी हजारी साकेत के यहां जा रहे थे। इस दौरान कोतमा पुलिस ने कदमटोला जंगल के पास उक्त कार रोका गया। इस दौरान गांजा लोड कार को फॉलोअप में लगी कार भी मौके से भाग निकली, जिसका कोतमा पुलिस द्वारा फुनगा तक पीछा किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया फॉलो में लगी कार से सद्दाम खान निवासी मनेन्द्रगढ़ द्वारा पॉयलेटिंग की जाती रही है। जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों महेन्द्र उर्फ बिन्दा सोनी, अंगद सिंह गोड़ पिता सुरेश सिंह गोड़ को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं 3 आरोपी जिनमें विनय सोनी निवासी सोहागपुर जिला शहडोल, सद्दाम खान निवासी मनेन्द्रगढ़ एवं हजारी साकेत निवासी ब्यौहारी जिला शहडोल फरार बताये जा रहे है, जिनकी पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

# प्रदेश के बजट पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया

### नए बजट में रखा गया 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' का लक्ष्य

**अनूपपुर।** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने मध्य प्रदेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि मध्य प्रदेश सरकार का बजट समाज के सर्वांगीण विकास एव जन जन को समर्पित है। प्रदेश देश का अग्रणी राज्य बनाने वाला गांव गरीब किसान के साथ ही शहरी स्वच्छता, गरीब को घर बनाने का सपना साकार होगा।



यह बजट प्रदेश की जनता का स्वर्णिम भविष्य तय करेगा। इस बजट से मध्य प्रदेश के विकास के नए आयाम तय होंगे। उन्होने कहा कि जो बजट पेश हुआ है हम सभी जानते हैं सर्व हितैषी कामों के आधार पर सभी विभागों पर पर्याप्त ध्यान देते हुए खास तौर पर गरीब, किसान, युवा, महिलाओं पर केंद्रित करते हुए इस बजट को पेश किया गया है। दुनिया के चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत परिवर्तित हो रहा है।

### राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

श्री गुप्ता ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में एक्सप्रेसवे नेटवर्क के माध्यम से अटल प्रगति पथ, नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेसवे, विकास पथ और मध्य भारत विकास पथ प्रस्तावित है। आगामी वर्ष में राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1,000 किलोमीटर सड़क का निर्माण और लगभग 2,000 किलोमीटर सड़क के नवीनीकरण का लक्ष्य है। राज्य में सिंचाई क्षमता के विकास पर जोर है। 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के लक्ष्य के तहत 133 सिंचाई प्रणाली आधारित परियोजना निर्माणाधीन है, वहीं बुंदेलखंड क्षेत्र में केन बेतवा लिंक परियोजना के जरिए इस इलाके की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। पेश किए गए बजट के अनुसार राज्य में चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार पर सरकार का जोर है। राज्य में पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है और उपचार के दौरान जिन लोगों की मृत्यु हो जाती है, उनके शव को घर तक पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश शांति वाहन योजना प्रारंभ की गई है।

### बजट में शिक्षा के क्षेत्र में भी सरकार ने दिया जोर

श्री गुप्ता ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र पर भी सरकार का जोर है और आगामी वित्तीय वर्ष में स्कूल शिक्षा के अंतर्गत 150 सीएम राइज विद्यालय, नवीन शाला और दो किलोमीटर से ज्यादा दूर रह रहे अन्य कक्षा के बच्चों के लिए परिवहन सुविधा लागू की गई है। शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए राज्य में 11,000 पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई जारी है। सामाजिक न्याय के तहत गरीब परिवार की बेटियों के विवाह की योजना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में बीते साल से बजट को 3 गुना किया गया है।

# कछुए की चाल में हो रहा फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण

### 18 माह में होना था पूर्ण, 3 वर्ष बाद भी अधूरा, बाजार हुए बेजार

**अनूपपुर।** दो हिस्सों में बटे अनूपपुर शहर को जोड़ने वाला रेलवे ओवर ब्रिज अनूपपुर का निर्माण 16 अगस्त 2021 में 18 माह में पूर्ण करने के आश्वासन पर आरंभ हुआ, लेकिन सेतु निर्माण कार्य तीन साल बाद भी अधूरा पड़ा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने में अभी भी सालभर की समयावधि लगने की संभावना है। इसे पूर्ण होने को लेकर अब तक न तो ठेकेदार की ओर से और ना ही जिला प्रशासन की ओर से स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। शहर की मुख्य मार्ग कही जाने वाला यह मार्ग अब बारिश की बौछार में दलदली स्थल बन गया है। नागरिकों को हो रही परेशानियों पर अपर कलेक्टर अमन वैष्णव ने निर्माणाधीन रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज कार्य का निरीक्षण किया तथा फ्लाईओवर कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के संबंध में कार्य में तेजी लाने निर्देश अधिकारियों को दिए जिसकी 8 जुलाई को कलेक्टर रेल अधिकारियों के साथ रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की समीक्षा करेंगे।



### जांच कर अपर कलेक्टर ने दिये निर्देश

इस दौरान अपर कलेक्टर ने फ्लाईओवर के गुणवत्ता के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली। अपर कलेक्टर को बताया गया कि फ्लाईओवर के दोनों ओर मार्गों में आवागमन की स्थिति बेहतर नहीं है। वर्षा के कारण कीचड़ की स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। जिस पर अपर कलेक्टर ने कीचड़ वाले मार्ग पर बजरी गिट्टी डलवाने के निर्देश दिए। निमार्णाधीन फ्लाईओवर के नीचे रखे सरिया एवं अन्य निर्माण सामग्रियों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश भी दिए। साथ ही फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति एवं प्रगति की जानकारी प्रतिदिन प्रदान करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी सेतु को दिए।

### तीन साल बाद भी अधूरा, 5 साल पूर्व मिली थी तकनीकि स्वीकृति

मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 6 अगस्त 2016 को आमसभा में ब्रिज निर्माण की घोषणा की थी जिसकी 14 दिसम्बर 2016 में ही प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई, यहां तक कि 8 मई 2017 को कायार्देश जारी कर दिया था वही वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री ने खुद ही ओवरब्रिज निर्माण की आधारशिला रखी थी। जानकारी के अनुसार 12.01 करोड़ की लागत से 12-12 मीटर चौड़ाई और 462.44 मीटर का यह लम्बा पुल होगा। रेल पटरियों के उपर 56 मीटर लम्बी स्पॉन और ब्रिज में पिलर और आड़ीबॉल का भी उपयोग करते हुए 10 पिलर खड़े किए जाएंगे। दोनों छोर पर 50-50 मीटर लम्बी बीबीसी और 3-3 मीटर की चौड़ी सर्विस रोड प्रस्तावित है। लेकिन विभागीय व प्रशासकीय लापरवाही के कारण स्वीकृत ओवरब्रिज का निर्माण आज तक पूर्ण नहीं हो सका। दो हिस्सों में बंटे अनूपपुर शहर इंदिरा तिराहा से कोतवाली तिराहे के बीच कड़ी के रुप में रेलवे फाटक से जुड़ा है। यह रेलवे फाटक फ्लाईओवर अनूपपुर शहर के विकास की धुरी है। व्यापार, सब्जी मंडी, प्रशासकीय विभाग के साथ रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, जिला चिकित्सालय की आवाजाही का एक मात्र मार्ग है। बावजूद इसके रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में राजनीतिक पक्षों के साथ सामाजिक संगठनों, प्रशासकीय अधिकारियों व स्वयं रेलवे ने भी जल्द कार्य पूर्ण होने करने की दिलचस्पी नहीं दिखाई। जिसके कारण नगरवासियों को बायपास मार्ग से 4 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर मुख्य बाजार की ओर जाना पड़ रहा है।

# पुष्पराजगढ़ के ग्राम करौंदी एवं शिवरी चंदास में होगा सघन पौधारोपण

### चयनित भूमि का कलेक्टर एवं जिपं सीईओ ने किया स्थल निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत करौंदी तथा शिवरी चंदास में पौधारोपण हेतु चयनित भूमि का स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक उद्यान सुभाष श्रीवास्तव जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सीईओ गणेश पांडेय वाटरशेड परियोजना के परियोजना अधिकारी कोशरिया सहित संबंधित ग्राम पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।



कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने ग्राम पंचायत करौंदी में मियां बाकी पद्धति से 5 एकड़ क्षेत्र में किए जाने वाले पौधारोपण हेतु चयनित भूमि का स्थल निरीक्षण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर पौधारोपण कराए जाने के संबंध में संबंधितों को निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम पंचायत शिवरी चंदास के पहाड़ी को वृक्षो से आच्छादित करने के लिए किए जाने वाले पौधरोपण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा पौधरोपण की तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुए पौधरोपण कार्य में जनप्रतिनिधियों व जन सहभागिता से पौधरोपण कर पौधो के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बार-बार बंद हो रही ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट इकाई

### अनुभव व कार्यकुशलता की कमी, प्रबंधन का उदासीन रवैया

**चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की इकलौती 210 मेगावाट इकाई एवं पूर्व में स्थापित रही इकाइयों ने जिसने उत्पादन के क्षेत्र में कई बड़े-बड़े कीर्तिमान स्थापित किए हैं किंतु कई तरह की आए दिन आ रही तकनीकी समस्याओ के कारण 210 मेगावाट इकाई बंद चालू हो रही है जिसकी कई वजह मानी जा रही है। प्लांट बंद होने से उत्पादन में कमी के साथ-साथ लाखों रुपए प्लांट को चालू करने में खर्च हो रहे हैं किंतु वर्तमान प्रबंधन के उदासीन रवैया के करण इकाई में मंडल मेंटेनेंस व उपकरण खरीदी में जितना खर्च करता है उस हिसाब से इकाई का सही मेंटेनेंस ना होने से स्थिति कमजोर होती जा रही है। सूत्रों के मुताबिक 22 जून को टरबाइन में आए तकनीकी फाल्ट व ट्रांसफार्मर के तकनीकी खराबी के कारण प्लांट बंद हो गया जिसे सुधार करने के बाद 26 जून को चालू किया गया किंतु कुछ घंटे चलने के बाद प्लांट पुनः बंद हो गया अधिकारी समस्या ढूंढते रहे किंतु अनुभवहीनता के चलते समस्या कुछ की जगह कुछ बता पैसा और समय बर्बाद करते रहे। अंत में फाल्ट ट्रांसफार्मर में होने की पुष्टि होने पर उसे सुधार कर 27 जून को प्लांट को रनिंग पर लाया गया।



### अनुभव व कार्य कुशलता की कमी

जानकारी के अनुसार ताप विद्युत ग्रह में लगातार कुछ वर्षों से पुराने अनुभवी कर्मचारियों अधिकारियों के हर माह रिटायर्ड होने से प्लांट आए दिन सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा जो अनुभव की कमी वा वार्षिक मेंटेनेंस में खुलकर मनमानी होने से प्लांट की स्थिति सुधरते नहीं दिख रही है।

### नवीन इकाई का सपना कब पूरा होगा

अमरकंटक ताप विद्युत गृह में कई वर्षों से नवीन 660 मेगा वाट इकाई के आने का इंतजार आसपास क्षेत्र के दर्जन भर गांव के बेरोजगार युवक कई वर्षों से कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में चुनाव के समय 660 मेगावाट प्लांट को स्थानीय जनप्रतिनिधि राजनेताओं ने प्रमुखता से लाने का वादा भी किया किंतु अभी तक क्या चल रहा है और कब तक प्लांट आएगा स्पष्ट तौर पर कोई कुछ नहीं कह सकता। अब क्षेत्रवासी नाउम्मीद होते दिख रहे हैं लोगों के अनुसार जिस संसदीय क्षेत्र के सत्ताधारी नेता जितने प्रभावशाली होते हैं उस आधार पर भी उद्योग इधर से उधर आकर चला जाता है। अब समय ही बतायेगा कि 660 मेगावाट की नवीन इकाई कहां और कब तक स्थापित होगी वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में लगातार बढ़ती बेरोजगारी से बड़ी संख्या में युवा व व्यापारी पलायन कर रहे हैं।

### सतत विद्युत उत्पादन का श्रेय

लगातार 300 दिन का सतत विद्युत उत्पादन कर श्रेय लेने के फेर में इस पांच नंबर यूनिट के रखरखाव वा तकनीकी कमियों को नजर अंदाज कर चलते रहने की वजह से तो कहीं यह यूनिट बार-बार बंद हो रही हो यह भी प्रश्न उठना लाजिमी है क्योंकि पूर्व में भी पुरानी बंद हो चुकी यूनिट श्रेय लेने के कारण बंद हुई है।

# विद्युत शिकायतों के निवारण के लिए वितरण केन्द्रवार शिविर 5 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी संभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि संभाग के अंतर्गत सभी वितरण केंद्रों के मुख्यालय पर तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपने विधुत से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायतों का निराकरण करवा सकते है, उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक ग्राम पंचायतो/ वितरण केन्द्र कार्यालय में आयोजित होंगे।

आयोजित होने वाले तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविर के तहत वितरण केंद्र अमाड़ी के अंतर्गत अमाड़ी मुख्यालय में 5 जुलाई 2024, बसाडी मुख्यालय में 13 जुलाई, कांटी मुख्यालय में 11 जुलाई मझगंवा मुख्यालय में 9 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी तरह वितरण केंद्र खलवारा बाजार कैमोर के अंतर्गत झुकेही मुख्यालय में 10 जुलाई मेहगंवा मुख्यालय में 8 जुलाई लाल नगर मुख्यालय में 12 जुलाई, खलवारा मुख्यालय में 5 जुलाई अमरैया पार मुख्यालय में 6 जुलाई को तथा वितरण केंद्र खतौली के अंतर्गत खितौली मुख्यालय में 4 जुलाई, कुआं मुख्यालय में 6 जुलाई, नदावन मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

देवगांव मुख्यालय में 4 जुलाई, निटर्रा में 6 जुलाई बडखेडा में 8 जुलाई वितरण केंद्र निवार के अंतर्गत जरवाही में 4 जुलाई लखा पटोरी मुख्यालय में 8 जुलाई, निवार मुख्यालय में 6 जुलाई भनपुरा मुख्यालय में 12 जुलाई, शाहपुरा मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

वितरण केंद्र बरही के अंतर्गत बरही में 10 जुलाई, डोकरिया में 5 जुलाई करौंदी खुर्द में 12 जुलाई, गैरतलाई में 8 जुलाई वितरण केंद्र रीठी के अंतर्गत रीठी में 4 जुलाई, सलैया में 14 जुलाई बकलेहटा में 12 जुलाई बडगांव में 6 जुलाई गुजरी में 8 जुलाई खमरिया में 10 जुलाई तथा वितरण केंद्र विजयराघवगढ के अंतर्गत विजयराघवगढ में 4 जुलाई कारीतलाई में 6 जुलाई बंजारी में 8 जुलाई वितरण केंद्र कन्हवारा के अंतर्गत कन्हवारा में 10 जुलाई देवराकला में 12 जुलाई वितरण केंद्र सिंगोडी के अंतर्गत सिंगोडी मुख्यालय में 13 जुलाई पिपरियाकलाँ में 14 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

### जिले के ग्राम पंचायत भवन परिसर की रिक्त भूमि पर पौधरोपण का कार्य प्रारंभ



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के दिशा निर्देशानुसार जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायत भवन परिसर के रिक्त भूमि पर फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारी व नागरिकों की सहभागिता से पौधारोपण के कार्यक्रम किए जा रहे हैं पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ग्राम पंचायत के अमले को जवाबदेही सौपी गई है। जिले के ग्रामीण अंचल में ग्राम पंचायत के अलावा रिक्त पड़ी भूमि पर पौधारोपण करने तथा नागरिकों के खेत/ बाडी में पौधारोपण का कार्य भी जिले भर में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

# कुक्कुट, भेड़, बकरी व सूकर पालन के लिए मिलेगा ऋण एवं अनुदान

### जिले के बेरोजगार युवाओं से योजना का लाभ उठाने की अपील

**अनूपपुर।** पशु पालन एवं डेयरी विभाग की योजना राष्ट्रीय पशुधन मिशन वर्ष 2021 से प्रारंभ है, जिसके अंतर्गत मुख्यतः पशु नस्ल विकास तथा उद्यमिता विकास की गतिविधियों को शामिल कर बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण कुक्कुट पालन, भेड़ व बकरी पालन, सूकर पालन, साइलेज उत्पादन, फॉडर ब्लॉक तथा टोटल मिक्सड राशन के उत्पादन हेतु ऋण एवं अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। इच्छुक हितग्राहियों/उद्यमियों को बैंको से 50 प्रतिशत का ऋण एवं भारत सरकार द्वारा 50 प्रतिशत का अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। अनुदान राशि हितग्राहियों/उद्यमियों को समान 2 किस्तों में प्रदाय की जाती है। पहली किस्त बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध कराने पर तथा दूसरी किस्त परियोजना पूर्ण होने पर भारत सरकार द्वारा सीधे ऋणदाता बैंक को उपलब्ध करायी जाती है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. ए.पी. पटेल ने बताया है कि योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही को पोर्टल पर आनलाईन आवेदन करना होता है। योजना का लाभ व्यक्तिगत, स्वसहायता समूह, एफपीओ, एफसीओ और जेएलजी ले सकते हैं, जिसके लिए पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय रीवा/जबलपुर से 03 दिवसीय प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक ने बताया है कि 50 लाख लागत के पोल्ट्री फार्म 1000 पक्षी, हैचरी तथा मदर यूनिट की संयुक्त इकाई हेतु अधिकतम 25 लाख का अनुदान प्रदाय किया जाता है। 01 करोड़ लागत के 500+25 बकरी इकाई हेतु अधिकतम 50 लाख का अनुदान, 80 लाख लागत के 400+20 बकरी इकाई हेतु अधिकतम 40 लाख का अनुदान, 60 लाख लागत के 300+15 बकरी इकाई हेतु अधिकतम 30 लाख का अनुदान, 40 लाख लागत के 200+10 बकरी इकाई हेतु अधिकतम 20 लाख का अनुदान, 20 लाख लागत के 100+5 बकरी इकाई हेतु अधिकतम 10 लाख का अनुदान प्रदाय किया जाएगा। 60 लाख लागत के 100+10 सूकर इकाई हेतु अधिकतम 30 लाख का अनुदान तथा 30 लाख लागत के 50+5 सूकर इकाई हेतु अधिकतम 15 लाख का अनुदान प्रदाय किया जाएगा।